सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **368**
15/04/2026

राज्यपाल ने मुख्यमंत्री सहित 02 मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई

पटना, 15 अप्रैल, 2026 :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने श्री सम्राट चौधरी को बिहार राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। साथ ही, उन्होंने मंत्रिपरिषद् के सदस्य के रूप में श्री विजय कुमार चौधरी एवं श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह बिहार लोक भवन, पटना में पूर्वाह्न 10:50 बजे आयोजित किया गया।

इस अवसर पर निवर्तमान मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार सहित बिहार विधान परिषद् के सभापति, बिहार विधान सभाध्यक्ष, विभिन्न केन्द्रीय मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण, विधान पार्षदगण, राज्य सरकार के वरीय पदाधिकारीगण तथा अन्य अतिथिगण उपस्थित थे।

....